आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–17 मार्च 2024 सान्ध्य समाचार

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लोकसभा की सोलह सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया इसी माह शुरू हो जाएगी। इनमें आठ सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में पहले चरण के दौरान उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा । अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन सभी लोकसभा सीटों पर निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले चरण के तहत सहारनपुर में प्रस्तावित चुनाव को देखते हुए वहां के जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल बैठक कर तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की । उन्होंने बताया कि सहारनपुर लोकसभा सीट के लिए निर्वाचन अधिसूचना बीस मार्च को जारी हो जाएगी । पर्चा दाखिल करने की आखिरी तिथि सत्ताईस मार्च होगी । अट्ठाइस मार्च को पर्चों की जांच की जाएगी और तीस मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। वहीं, दूसरे चरण के लिए गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर भी इसी माह अट्ठाइस मार्च से पर्चा दाखिल किया जाएगा । चार अप्रैल तक पर्चे दाखिल किये जा सकेंगे । पांच अप्रैल को पर्चों की जांच की जाएगी और आठ अप्रैल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

पूर्वी उत्तर प्रदेश की इक्कीस लोकसभा सीटों के लिए मतदान छठवें और सातवें चरण में होगा । इनमें अंबेडकरनगर, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर में छठे चरण में पच्चीस मई को वोट डाले जाएंगे, जबकि महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्टसगंज में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा । इन सभी जिलों में भी आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है और राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर और प्रचार सामग्री हटाई जा रही है।

****

भारत निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी राज्यों को दिशा–निर्देश जारी किए हैं। कैबिनेट सचिव, राज्यों् के मुख्यभ सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टोर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को चुनाव घोषणा के चौबीस घंटे के भीतर हटा लिया जाए।

आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक इलेक्ट्रॉ निक और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी। साथ ही मुख्यन निर्वाचन अधिकारी और जिला चुनाव अधिकारी किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम के चित्र राज्या सरकार के विभागों की वेबसाइट से तुरंत हटाएंगे

****

लोकसभा चुनावों को देखते हुए प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में भी विभिन्न प्रकार से मतदाता जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग और एएन कॉलेज के चित्रकला विभाग के विद्यार्थियों ने आज चेहरे पर चित्रकारी कर मतदान का संदेश दिया । इस मौके पर टैटू के जरिये भी लोगों को मतदान का महत्व समझाया गया और आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने की अपील की गयी । कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर अलका तिवारी ने बताया कि जनवरी दो हजार चौबीस से अलग अलग प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता के प्रयास किये जा रहे हैं।

****

दत्तात्रेय होसाबले एक बार फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह चुन लिए गए हैं। उनका चयन संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने किया है। श्री होसाबले का कार्यकाल वर्ष 2027 तक होगा।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का तीन दिन का यह वार्षिक आयोजन नागपुर के रेशमबाग इलाके में स्मृति भवन परिसर में शुक्रवार से शुरु हुआ था, जिसमें संघ से जुड़े संगठनों के डेढ हजार से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।

****

मथुरा जिले के बरसाने में होली का उत्सव जोर पकड़ने लगा है । आज वहां के प्रमुख श्रीजी मंदिर में धूमधाम के साथ लड्डू फेंक होली खेली गयी। यह होली बरसाने की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली के ठीक एक दिन पहले खेलने की परम्परा है । नंदगांव के हुरियारों को बरसाने की लट्ठमार होली खेलने के लिए एक दूत को आमंत्रण देने के लिए भेजा जाता है । पांडा नाम से प्रसिद्ध जब यह दूत वापस बरसाने लौटता है तो श्रीजी मंदिर में लड्डू फेंक कर उसका स्वागत किया जाता है। उसे गुलाल के साथ साथ तोहफे देने की भी परम्परा है। बरसाने के लाडली मंदिर में भी आज लड्डू फेंक होली खेली गयी जिसे देखने के लिए लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े । इस मंदिर में राधारानी के सेवायत द्वारा श्रद्धालुओं पर लड्डू फेंक कर यह होली शुरू करने की परम्परा है। इसके बाद श्रद्धालु एक दूसरे पर लड्डू फेंक होली का आनंद उठाते हैं। होली में प्रयोग किये गये लड्डू को श्रद्धालु अपने साथ प्रसाद के रूप में भी लेकर जाते हैं।

****

उत्तर प्रदेश राज्य कैनोइंग चौंपियनशीट दो हजार चौबीस की दो दिवसीय प्रतियोगिता कानपुर नगर स्थित बोट क्लब परिसर में आज से शुरू हो गयी। इसका शुभारम्भ कानपुर के मंडलायुक्त अमित कुमार और जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने किया । इसमें विभिन्न जिलों से सत्तर खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के जरिये लोगों को मतदान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।**********